Ans. (d) : विजयदान देथा की प्रमुख रचनाओं में 'बाताँ री फुलवारी', 'टिडो राव', कबू रानी, उलझन तथा अलेखुन हिटलर आदि हैं। राग चंद्रिका द्वारकानाथ भट्ट की; रसिकप्रिया, सूडप्रबन्ध, नृत्य रत्नकोष और संगीतराज महाराणा कुम्भा की तथा खुमाण रासौ दलपत विजय की रचना है।

260. जुलाई 2022 में भारत सरकार द्वारा 'उत्सव पोर्टल' पर जारी सूची में राजस्थान को कौन सा स्थान मिला है?

(a) प्रथम (b) पंचम
(c) तृतीय (d) द्वितीय

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : जुलाई, 2022 में भारत सरकार द्वारा 'उत्सव पोर्टल' पर जारी सूची में राजस्थान को प्रथम स्थान मिला है। इस सूची में केरल को दूसरा, उत्तर प्रदेश को तीसरा तथा अंडमान निकोबार को चौथा स्थान मिला है। उल्लेखनीय है कि उत्सव पोर्टल वेबसाइट एक डिजिटल पहल है। इसे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने देश के पर्यटन स्थलों को वैश्विक पटल पर लाने और पर्यटकों की मदद के लिए कोरोना महामारी के समय वर्ष 2021 में शुरू किया था।

261. हाल ही में (मई 2022) में मुख्यमंत्री ने किस जिले में 3 नई तहसील खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है?

(a) जैसलमेर (b) चुरू
(c) बांसवाड़ा (d) जोधपुर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : मई 2022 में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर जिले में 3 नई तहसील खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के अनुसार जोधपुर जिले में तीन नवीन तहसीलों-झँवर, कुड़ी भगतसनी और घंटियाली का सृजन किया जायेगा। इसके साथ ही प्रतापगढ़ जिले में एक उप तहसील मूंगना के सृजन को भी मंजूरी प्रदान की गई।

262. अप्रैल 2022 तक राजस्थान में कुल कितनी संपत्तियों को हेरिटेज प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं?

(a) 151 (b) 230
(c) 143 (d) 187

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : अप्रैल 2022 तक राजस्थान में कुल 143 संपत्तियों को हेरिटेज प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं। यह जानकारी 18 अप्रैल 2022 को विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा दी गई। प्रदेश में स्थापत्य विरासत के रूप में किले, महल, हवेलियाँ इत्यादि बहुतायत में उपलब्ध है, इन पुरासंपत्तियों में से ज्यादातर संपत्तियाँ निजी स्वामित्व में है जिनका संरक्षण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है।

263. राजस्थान के मुख्यमंत्री ने ग्रामीण पर्यटन इकाईयों को रिप्स-2019 के लाभ दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। रिप्स योजना का पूर्ण रूप है–

(a) राजस्थान निरीक्षण प्रस्ताव योजना
(b) राजस्थान बीमा प्रोत्साहन योजना
(c) राजस्थान किस्त विधान योजना
(d) राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : रिप्स योजना का पूर्ण रूप है– राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने ग्रामीण पर्यटन इकाईयों को रिप्स-2019 के लाभ दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। 17 दिसम्बर, 2019 से राज्य में तीव्र, स्थायी एवं संतुलित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2019 शुरू की गयी है। इसकी अवधि 31 मार्च, 2026 तक मान्य है।

264. मार्च 2018 में स्थापित राजस्थान के पहले मेगा फूड पार्क के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही को चिन्हित करें–

(i) इसका उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने किया था।

(ii) इसे स्मार्ट मेगा फूड पार्क के नाम से जाना जाता है।

(iii) यह रूपनगढ़, अजमेर में स्थित है।

(a) i और ii सही (b) केवल ii सही
(c) i और iii सही (d) केवल iii सही

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : 29 मार्च 2018 को राजस्थान का पहला मेगा फूड पार्क अजमेर जिले के रूपनगढ़ गांव में स्थापित किया गया तथा इसका उदघाटन केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर के द्वारा किया गया। राज्य के इस पहले मेगा फूड पार्क का नाम ''ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लि0'' रखा गया है अतः कथन 2 सही नही है।

265. राजस्थान के किस जिले की ब्लैक पॉटरी फूलदानों प्लेटों और मटकों के लिए प्रसिद्ध है?

(a) जैसलमेर (b) अलवर
(c) कोटा (d) बीकानेर

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान राज्य का 'कोटा' जिला ब्लैक पॉटरी से बने फूलदानों, प्लेटों, मटकों, घड़ों आदि उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। ब्लैक पॉटरी बनाने हेतु मिट्टी में कार्बन या कोयला मिलाकर इसको काला रंग प्रदान किया जाता है। गोल्डेन पॉटरी हेतु बीकानेर तथा पेपर पॉटरी हेतु अलवर जिला प्रसिद्ध है।